आवश्यक / समयबद्व / द्वारा फैक्स / ईमेल

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःसामान्यःबीस–516–2016 दिनांक जून 19 ,2017

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग,उत्तर प्रदेश।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण त्वरित निस्तारित किये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद में पेंशन कल्याण प्रकोष्ठ **(Pension welfare Cell)** का गठन मय **हेल्पलाइन नं0 (24x7) 9454402020 व ईमेल आई0डी0 phqpensionsewa@gmail.com** किया गया है।

2. अवगत कराना है कि कई जनपदों / इकाईयों से पेंशन प्रकरण की शिकायतें पुलिस मुख्यालय में प्राप्त हुई जिनका **त्वरित रूप से निस्तारित** कराया गया। **यह एक कल्याणकारी कार्य है**। पेंशन वेलफेयर सेल में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है जिससे कई पेंशनर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया है तथा दूरस्थ जनपदों में निवास करने वाले पेंशनर को मोबाइल फोन, व्हाटस्ऐप, ईमेल द्वारा शिकायतें भेजने पर उसका निस्तारण कराया जा रहा है।

3. कुछ जनपद जैसे महराजगंज, झांसी, बागपत, हमीरपुर, अमरोहा श्रावस्ती, हरदोई, सुल्तानपुर आदि ऐसे है **जहॉ से कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई है** तथा जनपद एटा, हाथरस, बॉदा, महोबा, गोण्डा, बलरामपुर, अमेठी, मेरठ, गौतमबुद्वनगर आदि ऐसे जनपद है, जहॉ से मात्र एक शिकायत प्राप्त हुई है, अतः कृपया पुलिस मुख्यालय में गठित पेंशन वेलफेयर सेल का **व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना आवश्यक है।**

4. अतः अनुरोध है कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के पेंशन संबंधी सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पेंशन वेलफेयर सेल का व्यापक प्रचार–प्रसार पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन्स के नोटिस बोर्ड तथा थाना स्तर तक कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें। **प्रारूप संलग्न है।**

भवदीय

(कलानिधि नैथानी)
पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय,
नि0–अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री ईश्वर चन्द्र द्विवेदी,(सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक) अध्यक्ष, उ0प्र0 पेंशनर कल्याण संस्थान, कमरा नं0 419 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
2. श्री एस0के0चन्द्र (सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक) महासचिव, उ0प्र0 पेंशनर कल्याण संस्थान, कमरा नं0 419 इन्दिरा भवन, लखनऊ।

2017

घर बैठे पायें समाधान

आप अपनी पेंशन,जी0पी0एफ0, बीमा सम्बन्धी किसी भी समस्या का समाधान मोबाइल फोन से उपरारेक्त हेल्पलाइन नं0 पर शिकायत दर्ज कराकर प्राप्त कर सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान कर आपको सूचित किया जायेगा ।